## सराहनीय कार्य

### इटावा पुलिस

*प्रेस नोट- दिनांक 27.04.2025*

**शादी समारोह से लौटने वाली महिलाओं से झगड़ा कर गहनों की लूट करने वाले 02 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार,**

**कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 मोबाइल, 3500/- रूपये नकद, 01 मोटर साइकिल हीरो (घटना में प्रयुक्त) की गयी बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना बलरई पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।**

**घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 23/24.03.2025 की रात्रि को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना बलरई पुलिस द्वारा नगला राम सुंदर मोड के पास मु0अ0सं0 18/2025 से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था एवं 02 अभियुक्त अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे प्रयास थी इसी के क्रम में दिनांक 26/27.04.2025 को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना बलरई पुलिस द्वारा थाना बलरई क्षेत्रान्तर्गत ब्रह्मणी देवी मन्दिर नहरिया सड़क नगला रामसुन्दर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान 01 मोटर साइकिल आती हुयी दिखायी दी जिसे पुलिस टीमों द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों ने नगला रामसुन्दर मोड़ की ओर भागने का प्रयास किया गया एवं पुलिस टीम पर फायर किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो **01 गोली अभिषेक पुत्र रज्जन के बांये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में उसके 01 अन्य साथी सहित नगला रामसुन्दर मोड़ के पास से समय 03.40 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया।**

**पुलिस पूछताछः-**

गिरफ्तार अभियुक्तों से नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 मोबाइल, 3500/- रूपये नकद एवं 01 मोटर साइकिल बरामद की गयी जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा निम्न घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया गया।

1. दिनांक 20.04.2025 की रात्रि को हम लोगों ने बलरई थाना क्षेत्र में ग्राम कोकाबली के पास 01 मोटर साइकिल में अपनी कार से टक्कर मारकर महिला से लूटपाट की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में **थाना बलरई पर मु0अ0सं0 18/2025 धारा 309(4) बीएनएस** पंजीकृत है।
2. दिनांक 21.04.2025 को थाना जसवन्तनगर क्षेत्र मे ग्राम भोगीपुरा के पास मोटर साइकिल में अपनी कार से टक्कर मारकर महिला से सोने का हार (आधा हिस्सा) छीन लिया था जिसके सम्बन्ध में थाना जसवन्तनगर पर **मु0अ0सं0 113/2025 धारा 304(2) बीएनएस** पंजीकृत है।

**उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में थाना बलरई पर मु0अ0सं0 18/2025 धारा 309(4) में धारा 109(पुलिस मुठभेड)/317(2)/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।**

**बरामद मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1. सचिन राजपूत पुत्र सुमेर राजपूत निवासी पक्का बाग जय भारत कालोनी थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा **उम्र 20 वर्ष**
2. अभिषेक पुत्र रज्जन निवासी पचराहा मोहल्ला अकालगंज थाना कोतवाली जनपद इटावा **उम्र 22 वर्ष**

**पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. रामू पुत्र महेश चन्द्र निवासी ग्राम नगला बर थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र करीब 21 वर्ष**।
2. जीतू पुत्र अवनीश कुमार निवासी ग्राम मानिकपुर बिशू थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र करीब 23 वर्ष**
3. राजकुमार पुत्र दुर्गेश कुमार निवासी अड्डा खलक थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र करीब 20 वर्ष**।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 18/2025 धारा 309(4)/317(2)/109/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बलरई जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 113/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

**आपराधिक इतिहासः-**

**अभियुक्त अभिषेक पुत्र रज्जन**

1. मु0अ0सं0 18/2025 धारा 309(4)/317(2)/109/3(5) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बलरई जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 189/2023 धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली जनपद इटावा।
3. मु0अ0सं0 217/2024 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना कोतवाली जनपद इटावा
4. मु0अ0सं0 31/2024 धारा 379/411 भादवि थाना जीआरपी जनपद इटावा
5. मु0अ0सं0 54/2024 धारा 304/317(2) बीएनएस थाना जीआरपी जनपद इटावा
6. मु0अ0सं0 113/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. 01 तमंचा 315 बोर
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. 02 मोबाइल
5. 3500/- रूपये नकद।
6. 01 मोटर साइकिल **(घटना में प्रयुक्त)**

**पुलिस टीम-** **प्रथम टीमः-** उ0नि0 समित चौधरी प्रभारी एसओजी, उ0नि0 नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

**द्वितीय टीमः-** निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना बलरई, उ0नि0 निर्मल कुमार, का0 अमित कुमार, का0 अजय कुमार, का0 राहुल कुमार, का0 चालक आलोक चौधरी।

**नोटः-** ***उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीमों के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 15,000/- की राशि से पुरस्कृत किया गया।***